JALAUN POLICE

दिनांक- 04.07.2026

थाना रामपुरा पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुये चेकिंग के दौरान अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 03.07.2026 को थाना रामपुरा में वादी श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा तहरीरी सूचना दी गई है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी की माँ मीना देवी पत्नी स्व0 कल्लू सिंह राजावत उम्र करीब 50 वर्ष को मारपीट कर हत्या कर दी गयी है, जिसके संबन्ध में थाना रामपुरा में मु0अ0सं0 51/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम लला उर्फ सहदेव आदि 02 नफर पंजीकृत हुआ था। घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ के नेतृत्व में 02 टीमों का गठन किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में दिनांक 04.07.2026 को थाना रामपुरा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया एवं उनकी निशादेही पर आलाकत्ल कुल्हाड़ी व बांस का डण्डा व घटना के वक्त पहने हुये कपड़े बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्त रन सिंह उर्फ बसन्तू द्वारा बताया गया कि करीब 15 वर्ष पूर्व मृतका मीना देवी का मेरे पिता जन्ट सिंह से विवाद होने पर मृतका मीना ने मेरे पिता जन्ट सिंह को चप्पलों से मारा था जिससे मैं बहुत अपमानित महसूस करता था तथा अभियुक्त लला उर्फ सहदेव द्वारा बताया गया कि मृतका की पुत्री जिस गांव में ब्याही है उसी गांव के बगल में मेरी भी पुत्री ब्याही है मृतका की पुत्री के ससुरालीजनों से शादी को लेकर मुकदमा चल रहा था मृतका की पुत्री के ससुरीलजनों से मेरी बेटी के ससुरालीजनो का पारिवारिक सम्बन्ध था जिसके कारण मृतका मुझसे रंजिश मानती थी।

इन्ही कारणों से रंजिश मानते हुये दिनांक 1/2.07.2026 की रात्रि में लला उर्फ सहदेव ने डंडे व रन सिंह उर्फ बसन्तू ने कुल्हाड़ी के मुन्द से सोते समय मृतका के सिर पर जोरदार प्रहार करके उसकी हत्या कर दी एवं डण्डा व कुल्हाड़ी नदी के पास झाडियों में फेक दिया व वहीं नहाकर पहने हुये कपड़े भी फेक दिये थे।

अभियुक्तगण का विवरण-

1. लला उर्फ सहदेव पुत्र स्व0 चैन सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम जायघा थाना रामपुरा जनपद जालौन
2. रन सिंह उर्फ बसन्तू पुत्र जन्ट सिंह उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम जायघा थाना रामपुरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. आलाकत्ल कुल्हाड़ी व डण्डा
2. हत्या के समय अभियुक्तगण द्वारा पहने गये कपड़े

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुरा मय टीम।

सहयोगी टीम-

1. प्रभारी स्वाट/सर्विलांस मय टीम।